आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# दैनिक परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 327 | छतरपुर, शुक्रवार 28 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में हुआ हंगामा

## जिला पंचायत अध्यक्ष और विधायकों में हुई कहासुनी, किया बहिष्कार, विधानसभा में गूंजेगी अपमानित होने की गूंज

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। ऐजेंडा देकर किसी जनप्रतिनिधि को आमंत्रित करना और फिर अपमानित कर उसे जाने के लिए कहना, कहां तक उचित है। यह सवाल गुरूवार को उस समय उठा, जब जिले के दो कांग्रेस विधायक अपमानिक होकर जिला पंचायत सभा कक्ष से सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार कर चले गए। यह सारा मामला बैठक में विधायकों की कुर्सी न होने के बाद का है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इन विधायकों में एक महिला विधायक हैं, जिन्हें बाहर जाना पड़ा। उनसे तो अध्यक्ष उमिता सिंह ने यहां तक कह दिया, कि आपको बुलाया किसने था। अब टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह एवं खरगापुर विधायक श्रीमती चंदारानी गौर ने यह सारा मामला विधानसभा में उठाने की बात कही है। श्री सिंह ने कहा कि यह अपमानित करने का कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी प्रशासनिक अधिकारी कुर्सियां न डालने और उनका अपमान करने का कार्य कर चुके हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं विधायकों ने बैठक में हुए अपमान के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष और सीईओ को दोषी ठहराते हुए विधानसभा में यह मामला उठाने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह ने कहा है कि कांग्रेस विधायकों द्वारा यह सारा मामला प्रायोजित था। वह मीडिया लेकर साथ आए और हंगामा करके चले गए। उन्होंने कहा कि उनके लिए कुर्सियां डाली गई थीं, जो उनके न आने पर हटा दी गई थीं। जब वह आए तो सीईओ ने उन्हें बैठने के लिए कहा भी। लेकिन वह नेम प्लेट न होने और उनके लिए कुर्सी न होने की बात पर हंगामा करते नजर आए। बताया गया है कि गुरुवार को सामान्य सभा की बैठक हंगामाई रही, जिसकी पहले से उम्मीद नजर आ रही थी। हालांकि यह हंगामा सदस्यों की ओर से न होकर विधायकों की ओर से रहा। जिला पंचायत सीईओ के बुलावे पर पहुंचे कांग्रेसी विधायकों के लिए मीटिंग हॉल में बैठने के लिए कुर्सियां नहीं रखी गई। इससे नाराज होकर टीकमगढ़ और खरगापुर विधायक ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। इस दौरान कांग्रेसी विधायकों की जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह से हल्की नोक-झोंक भी हुई। विधायकों ने इस बात को लेकर विधानसभा में विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाने की चेतावनी दी है। जिला पंचायत दफ्तर में दोपहर 2 बजे से सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ नवनीत धुर्वे ने टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला और खरगापुर विधायक चंदा सिंह गौर को बैठक का एजेंडा भेज कर आमंत्रित किया था। दोनों विधायक तय समय पर मीटिंग हॉल में पहुंच गए। लेकिन बैठक कक्ष में रखी कुर्सी पर विधायकों की पट्टी नहीं लगाई गई। इस बात को लेकर दोनों कांग्रेसी विधायक भड़क गए। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ से कहा कि बैठक में आमंत्रित करने के बाद बैठने की सही व्यवस्था क्यों नहीं की गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह और विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला के बीच कहा सुनी होने लगी। मामला बिगड़ता देख दोनों कांग्रेसी विधायक बैठक का बहिष्कार कर बाहर निकल गए।



***जिला पंचायत सीईओ पर हुए खफा-***

बैठक का बहिष्कार कर बाहर निकले कांग्रेसी विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने रेस्ट हाउस में पत्रकारों से चर्चा कर यह सारा मामला विधानसभा में उठाने की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि जिला पंचायत सीईओ के बुलावे पर बैठक में आए थे। सभा कक्ष में हमारे बैठने का इंतजाम नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस बात को लेकर विधानसभा में विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाएंगे। वहीं मामले में जिला पंचायत सदस्य अध्यक्ष ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह सब सुनियोजित तरीके हुआ है, विधायक समय पर नहीं आए थे और उनकी कुर्सी पर अधिकारी बैठ गए थे। उनके आते ही अधिकारियों ने कुर्सी छोड़ दी, लेकिन विधायक हंगामा करने के उद्देश्य से आए थे, अपने साथ कैमरा चलाने वाले भी साथ थे और आते ही हंगामा करने लगे जिला पंचायत अध्यक्ष ने कांग्रेस विधायकों पर विशेष अधिकार हनन के आरोप लगाए हैं। इस दौरान विधायक श्रीमती चंदा रानी ने तो यहा तक कहा कि वह भी जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं हैं, लेकिन कभी विपक्ष में बैठे जनप्रतिनिधियों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं किया। यहां बता दें कि श्रीमती गौर खरगापुर विधायक हैं, जिन्होंने श्रीमती सिंह के पति को पराजित किया है। वहीं यादवेन्द्र सिंह टीकमगढ़ विधायक हैं, जिन्होंने पूर्व में सुश्री उमा भारती को पराजित किया था। वहीं श्रीमती सुषमा सिंह इन दिनों जिला पंचायत सदस्य हैं, जो विधायक यादवेंद्र सिंह की धर्मपत्नी हैं और जिला पंचायत चुनाव में श्रीमती उमिता सिंह की मुख्य प्रतिद्वंदी रहीं। अब देखना है कि बैठक में हुई कहासुनी और गहमा-गहमी के बाद विधानसभा में यह गूंज कब सुनाई देती है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा यदि व्यवस्था ठीक ठाक तरीके से किया होता, तो शायद यह नौबत नहीं आती। एक अधिकारी की थोड़ी सी लापरवाही ने बैठक को गर्मा दिया।

# महाराजपुर विधायक ने नगर मे 2.50 करोड़ों रुपये के विकास कार्यो का किया भूमि पूजन एवं लोकार्पण



**सुरेन्द्र सिंह राजावत**

परिहार गर्जना न्यूज। हरपालपुर महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह टीकाराजा ने बुधवार नगर में आयोजित विभित्र कार्यक्रमों में करोडों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इस अवसर पर युवा क्षेत्रीय विधायक के नगर परिषद के अध्यक्ष सीएमओ अधिकारी पार्षदगण सहित भाजपा कार्यकर्ताएवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नगर में अमृत 2.0 योजनांतर्गत सत्तन तलैया का गहरीकरण एवं सौंदर्याकरण कार्य का शिलान्यास विधायक टीका राजा द्वारा किया गया इस कार्य को नगर परिषद द्वारा 55 लाख रुपये से कराया जायेगा। वार्ड नं 14-15 में रानीपुरा रोड पर गफूर अली के मकान से एमपीईवी पावर हाउस तक नाली निर्माण कार्य लागत साढे 29 लाख रु. एवं कायाकल्प योजनांतर्गत रानीपुरा रोड सडक चौडीकरण कार्य का भी शिलान्यास भूमि पूजन विधायक द्वारा कियागया। इसके साथ ही नगर परिषद द्वारा बनवाये गये लहचूरा रोड पर मंडी गेट से अटल विवाह घर तक बीटी रोड व रेस्ट हाउस के पास एयर क्वालिटी इंडेक्स का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक टीकाराजा द्वारा किया गया नगर

**...शेष पृष्ठ 16 पर**

# तहसीलदार की रिपोर्ट पर 8 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध कायम

**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। बिजावर/छतरपुर। तहसीलदार बिजावर की रिपोर्ट पर बिजावर थाने में 8 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है। जिन लोगों पर अपराध कायम किया गया है उनमें हरदी बाई पिता रामा गौड़ पत्नी बृजलाल गौड़ निवासी उदयपुरा, कल्लू बाई पत्नी बीना गौड़ निवासी बछामा, गौरिया बाई पत्नी सुंदर गौड़ बछामा, सिद्धा गौड़ पुत्र रामा गौड़ निवासी राईपुरा, खड़िया गौड़ पुत्र रामा गौड़ निवासी कर्री, राममनोहर राज गौड़ पिता रामा गौड़ निवासी राईपुरा, चतुर्भुज प्यासी पिता सुंदर प्यासी निवासी राईपुरा एवं जगदीश पिता रामेश्वर प्यासी निवासी राईपुरा शामिल हैं। इन सभी पर कमिश्नर सागर के नाम से कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का आरोप है। बिजावर थाने के उपनिरीक्षक दीनानाथ गुप्ता मामले की विवेचना कर रहे हैं।

***इनका कहना है***

25 जून 2024 को तहसीलदार बिजावर द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है जो जानकारी मिली है कमिश्नर महोदय सागर के फर्जी हस्ताक्षर कर परमिशन तैयार की गयी थी जिसमें धारा 420, 467 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

***जसवंत काकोरिया, थाना प्रभारी, बिजावर***

कमिश्नर महोदय के फर्जी हस्ताक्षर कर अनुमति के आधार पर रजिस्ट्री कराई गई थी जिसमें कमिश्नर महोदय सागर के पत्र पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

***अभिनव शर्मा, नायब तहसीलदार, बिजावर***

## नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की निगरानी हेतु नगर में लगाये गये 44 नये कैमरे

छतरपुर। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पहल करते हुए अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी एवं नगर में प्रवेश एवं निकास करने वाले वाहनों, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरा का विस्तारीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया था। एएसपी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत व यातायात पुलिस द्वारा छतरपुर नगर के 11 आउटर में 44 नए कैमरे लगवाए गए। पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह द्वारा कैमरे की आउटपुट स्क्रीनिंग का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में डिवाइस स्टोरेज की कैपेसिटी कैमरे की क्वालिटी एवं स्कैनिंग भी चेक की गई। चोरी के वाहन व अपराध में शामिल वाहन शहर की सीमा से बाहर निकलने या अन्य स्थानों से ऐसे वाहन के प्रवेश करने पर आसानी से ट्रेस किया जा सकेगा। हाई मेगापिक्सल के डिजिटल कैमरा के साथ-साथ सेट में स्कैनर भी लगे हुए हैं। गुजर रहे वाहनों में अंकित नंबर को कैप्चर कर संबंधित रिकॉर्ड की जानकारी पुलिस तक पहुंच जाएगी। इस नवीन पहल को थर्ड आई, मतलब तीसरी आंख के नाम से जाना जाएगा। विभिन्न चौराहों में लगे कैमरा को अपडेट किया गया है, नगर के आउटर के साथ-साथ अन्य स्थान पर भी कैमरों के विस्तारीकरण की कार्यवाही जारी है।



## गांजा तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। कोतवाली पुलिस द्वारा गत मार्च के महीने में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया था, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी, जिसके चलते गुरूवार को पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि मार्च माह में करीब डेढ़ किलो गांजा के साथ मौसम खान उम्र 22 वर्ष निवासी टौरिया मोहल्ला को गिरफ्तार किया था। इस कृत्य में मौसम का पिता महबूब खान भी शामिल था, जो फरार हो गया था। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम धारा 8/20 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था और फरारा महबूब की तलाश शुरु की गई थी। लंबी तलाश के बाद पुलिस ने महबूब खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि महबूब खान एक आदतन अपराधी है, उसके विरुद्ध छेड़छाड़, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब सहित कुल 7 अपराध पहले से दर्ज हैं।



# सैकड़ों लोगों को लोन देने का झांसा देकर पहले बीमा की राशि ली और फिर रातों रात हो गए नो दो ग्यारह

### -लिटिल क्रैडिट फाईनेंस लिमिटेड के नाम से एक सप्ताह पहले ही खुला था ऑफिस, रातों रात बंद कर भागे जालसाज

### -सैकड़ों लोगों से लाखों रुपए ठगी कर भागे



राजाराम साहू

घुवारा। नगर समेत तहसील घुवारा अंतर्गत आने वाले करीब एक दर्जन गांव के सैकड़ों लोगों के साथ एक फर्जी प्राइवेट कंपनी के लोगों के द्वारा गांव के लोगों को लोन का लालच देने के नाम पर लाखों रुपए ठगी करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है।मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे नगर के पुलिस उपथाना परिसर में करीब आधा सैकड़ा लोगों के अचानक से पहुंचने और रुपए वापिस दिलाने के नाम पर चींख पुकार करने से हड़कंप मच गया।वहीं ठगी का शिकार हुए लोगों ने सामूहिक रूप से पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए कम्पनी के उन जालसाजों को पकड़कर रुपए वापिस दिलाने के साथ न्याय की गुहार लगाई है।

***नगर में एक सप्ताह पहले ही खुला था ऑफिस।रातों रात बंद कर जालसाज भागे***

लोन के नाम पर ठगी का शिकार हुए लोगों ने जानकारी देते बताया कि नगर घुवारा के टीकमगढ़ रोड़ स्थित प्यासी फिलिंग स्टेशन के सामने एकांत में बने राजेंद्र उर्फ राजू सिंह के निजी मकान में करीब एक सप्ताह पहले 18 जून को लिटिल क्रेडिट फाईनेंस लिमिडेट के नाम का बैनर लगाकर ऑफिस खोला था।इस कम्पनी के दो लोग एक कमलेश रावत जो लोन ऑफिसर की भूमिका में तथा दूसरा रोहित कुमार ए वी एम के पद आईडी डाल कर आसपास के ग्रामीण इलाकों में बाईक क्रमांक एमपी 04 एमयू 6419 से घूमते हुए लोगों को 45 हजार और 50 हजार का लोन देने की बात करते थे।जिसके पहले जो व्यक्ति लोन लेगा उसे पहले 2880 रुपए का बीमा करना पड़ेगा उसके बाद एक सप्ताह में हितग्राही के खाते में लोन की राशि क्रेडिट की जायेगी।जिसकी अदायगी 50हजार रूपए लोन लेने वालों को 2645 रुपए हर माह किस्त के रूप में जमा करने पड़ेंगे।जिसकी कुल अवधि 22 माह तक जमा करने का बताते थे।इसी प्रलोभन में गांव के भोले भाले लोग जालसाजों के चंगुल में फसते गए और यह संख्या सैकड़ों लोगों की हो गई।जब इन हितग्राहियों के खातों में बुधवार की दोपहर 12 बजे लोन के रुपए आने की बारी आई तो उससे पहले ही मंगलवार की रात्रि जालसाजों ने रुपए पैसा इकट्ठा कर बोरिया बिस्तर बांध फोन बंद करके भाग गए।

***करीब एक दर्जन गांवों के सैकड़ों लोगों को बनाया ठगी का शिकार***

आपको बता दें कि उक्त फर्जी कंपनी के इन जालसाजों ने अपनी जालसाजी का शिकार करीबन एक दर्जन गावों के सैकड़ों लोगों बनाया है। वहीं ग्राम गोरखपुरा निवासी मंगल सिंह बताया की हमारे गांव से करीब तीस लोगों से 80 हजार रुपए ऐंठ ले गए हैं।तो वहीं ग्राम विश्रा से 13 लोगों से 32500 रुपए ग्राम बारों से 14 लोगों से 35 हजार रुपए और घुवारा के वार्ड 14 झिरियाखेरा से 23040 रुपए की ठगों ने ठगी की है इसी तरह से घुवारा तहसील के ग्राम पनवारी,कुटौरा,फुटवारी आदि के अलावा बड़ामलहरा क्षेत्र के कई गांव से इन्होंने लोगों को लोन देने के बहाने बीमा की राशि जमा करवाकर लाखों रुपए की ठगी का शिकार बनाया है।घुवारा पुलिस को शिकायती आवेदन देने पहुंचे गोविंद सिंह, दीना अहिरवार बारों,रामप्रसाद साहू झिरिया खेरा, गनेशी अहिरवार,सुक्की लोधी चरखारीखेरा, चरन सिंह,दीपेंद्र सिंह,रामगोपाल यादव,लखन आदिवासी, कुंदन आदिवासी,देवेंद्र सिंह,सुम्मेर सिंह,रानू राजा,मनप्यारे, खिलन,मोहन के अलावा अन्य कई लोग मौजूद रहे। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने और उन जालसाज लोगों का पता लगाने में घुवारा पुलिस जुट गई है।

# मनरेगा के खेत तालाब को खेत में किया तब्दील,लाखो का हुआ फर्जी भुगतान

## खेत में फसल, कागज में चल रहा मनरेगा कार्य





भगवाँ।। छतरपुर जिले में मनरेगा योजना में लूट मची है।अधिकारियों व ग्राम सरपंच व रोजगार सहायक की मिलीभगत से फर्जी काम दिखाकर गोलमाल किया जा रहा है। हैरान की बात यह है कि खेत तालाब में गेहूं की फसल की उगाई की गई। आखिर कैसे मेड़बंदी हो रही है। जिम्मेदार द्वारा पैसा खपाने के लिए मस्टर लगाकर लाखों रूपयों ठिकाने में जुटे हुए हैं।

यह पूरा मामला बड़ामलहरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्वारा से सामने आया है। जहां पर सरपंच श्रीमती रेखा अहिरवार, तत्कालीन रोजगार सहायक राकेश सेन के द्वारा लाखों का गबन किया गया है। और अपनी मनमानी पर उतारू है। लगातार ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आपको बता दें कि हितग्राही दयाराम कुशवाहा के नाम से खेत तालाब का निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन फिर तालाब को खेत में तब्दील कर फसल उगाई गई है।

जानकारी के मुताबिक खेत तालाब की लागत 3 लाख 80 हजार है। लेकिन तत्कालीन रोजगार सहायक राकेश सेन के द्वारा फर्जी मास्टर लगाकर 2लाख 21हजार रुपए का लगभग भुगतान किया गया है। आपको बता दें कि जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों ने आपदा को अवसर में बदलने कोई कसर नहीं छोडी। पूरे जनपद क्षेत्र मे फर्जी कामों का अंबार है। अधिकतर जनपद ग्राम पंचायतों मे फर्जी मस्टर भरे जा रहे हैं, जानकारी होने के बावजूद इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं जनपद के एसडीओ व उपयंत्री के द्वारा फर्जी तरीके से मूल्यांकन दर्शाकर ग्राम पंचायत से कमीशन लेकर बिना काम काम किये लाखों रूपए निकालकर आपस में बंदरवाट किया गया है। इसी के चलते सरपंच व तत्कालीन रोजगार सचिव द्वारा भी जमकर धांधली एवं मनमानी की जा रही है। इस योजना में किसान अपने खेत मे यह तालाब बनवा लेता है और फिर लाखों का भुगतान किया जाता है फिर खेत में कृषि करता है। यह इनके आय का भी जरिया बन जाता है। जिससे मछली पालन जैसे व्यवसाय भी किये जा सकते हैं। लेकिन लगातार सरपंच व सचिव रोजगार सहायक की मिलीभगत से लाखों का गबन किया गया है।

***जमीन पर खेत तालाब दिखाकर निकाल ली राशि***

सरपंच और रोजगार सहायक द्वारा योजनाओं की राशि का बंदरबांट हो रहा है जिम्मेदार फर्जी मजदूर तैयार कर उनके खातों में राशि डालते हैं, फिर उन्हें कमीशन देकर वापस लेते हैं। लगातार मनरेगा योजना में पतीला लगाया जा रहा है। आपको बता दें कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद बड़ामलहरा सीईओ एसके मिश्रा के द्वारा रोजगार सचिव राकेश सेन को स्वारा ग्राम पंचायत से हटा दिया गया है। लेकिन किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।

***इनका कहना है***

आपके द्वारा मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। मैं बड़ामलहरा जनपद सीईओ से बात करता हूं। इस पूरे मामले की बारिकी से जाँच कराकर कार्यवाही की जाएगी।।

***संदीप जी आर कलेक्टर छतरपुर***

# राजीनामा न करने पर युवक की थी हत्या, अंधे कत्ल का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



परिहार गर्जना न्यूज। बहरोल /सागर। दिनाँक 11/06/24 के दोपहर करीबन 01 बजे पिडरूआ तिगड्डा के आगे पठऊ नाला के पास एक अज्ञात शव पडा मिलने की सूचना प्राप्त हुई सूचना की तस्दीक कर अज्ञात मृतक के शव की निरीक्षण कर पीएम करवाने पर रिपोर्ट में अज्ञात मृतक की मृत्यु मारपीट से आयी चोटो के कारण होना पाये जाने से थाना पर अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध धारा 302 ताहि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा सूक्ष्मता से जांच कर सत्यता का पता लगाकर मृतक की शिनाख्त एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संजीव उईके , के निर्देशन में एसडीओपी बण्डा श्रीमती शिखा सोनी के मार्गदर्शन में टीम गठित कर मृतक की स्नाख्त एवं आरोपी की पतारसी कर गिरफ्तारी हेतु सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत कर सभी तरह के प्रयास किए जाकर विवेचना की गयी जिसमे दिनाँक 24/06/24 को थाना बण्डा के गूगरा चौकी में गुम इंसान की कायमी सूचनाकर्ता श्रीमति कल्पना लोधी पति राजू लोधी जिसमे उसने अपने पति राजू लोधी के दिनाँक 08/06/24 को गुम हो जाने की रिपोर्ट लिखायी थी सूचना मिलने पर शिकायतकर्ता व उसके परिजनो से सम्पर्क कर मृतक के फोटो दिखाये गये जिनके द्वारा राजू पिता लाखन लोधी निवासी ग्राम जगधर थाना बण्डा के रूप मे पहचान किया गया मृतक के परिजन द्वारा बताया गया कि पडोस में रहने वाले नीरज लोधी से गुम होने के एक दिन पूर्व लडाई झगडा हुआ था जिसकी रिपोर्ट मृतक राजू लोधी द्वारा थाना बण्डा मे करायी गयी थी उक्त सूचना पर नीरज लोधी की तलाश शुरू की गई इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर नीरज लोधी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर बताया कि मृतक राजू लोधी निवासी ग्राम जगथर थाना बण्डा ने आरोपी नीरज लोधी के द्वारा मारपीट करने पर आरोपी नीरज लोधी के विरूद्ध थाना बण्डा मे अपराध पंजीबद्ध करने से क्षुब्ध होकर व राजीनामा न करने पर दिनाँक 08/06/24 को नीरज लोधी अपने मित्र कीरत उर्फ कृपाल लोधी के साथ मिलकर योजना बनाकर मृतक राजू लोधी को शराब पिलाकर अपनी मालवाहक तीन पहिया वाहन बजाज आपे से बरेठी घटिया के पास ले जाकर पत्थर से मारपीट कर हत्या कर दी बाद लाश को बजाज आपे गाडी मे रखकर पिडरूआ के जंगल मे रोड के किनारे फेक दिया था।

खुलासा होने पर आरोपी को विधिवत गिरिफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया है । उक्त कार्यवाही मे मुख्य भूमिका थाना प्रभारी बहरोल उनि. एस. राज पिल्लई, थाना प्रभारी बरायठा उनि. मकसूद अली, थाना प्रभारी विनायका उनि. राकेश सिह राजपूत, चौकी प्रभारी सेसई रामजी राजपूत, सउनि, नाथूराम दोहरे, कार्य प्रआर जयपाल सिंह, कार्य प्रआर मोहनलाल, कार्य प्रआर कैलाश सेन, आर यशवन्त, आर नीरज, मआर प्राची, थाना बरायठा आर. गोविन्द, प्रधान आर. सौरभ रैकवार, आर हेमेंद्र सिंह, प्रधान आर. अमर, व अन्य समस्त थाना बहरोल स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# डी.ए.वी.बी.आर बीना विद्यालय में विद्युत सुरक्षा दिवस का आयोजन

## छात्रों को सुरक्षा के महत्व का ज्ञान द्वारा ( बीपीसीएल बीना रिफाइनरी कर्मी )

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/डी.ए.वी. बी. आर. पब्लिक विद्यालय बीना ने 27 20जून 24 को प्राचार्य अशोक कुमार मिश्र के मार्ग दर्शन में विद्युत सुरक्षा के महत्व को समझाने के उद्देश्य से एक विशेष विद्युत सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था कि छात्रों को विद्युत से संबंधित खतरों के बारे में जागरूक किया जाए और सुरक्षा के महत्व को समझाया जाए।



इस दिन की शुरुआत विद्युत विशेषज्ञ विपिन गुप्ता , बिंचित बावा और सौरव सक्सेना द्वारा की गई। कार्यक्रम में जानकारी पूर्ण सत्रों का आयोजन हुआ जिनमें विद्यार्थियों को विद्युत सुरक्षा के मौलिक सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित कराया गया। छात्रों ने सक्रिय भाग लिया और विद्युत से संबंधित प्रश्नोत्तरी में भाग लेकर विद्युतीय उपकरणों के सही उपयोग के महत्व को समझा।

इन कार्यक्रम में विद्युतीय आपदा स्थितियों के उदाहरणों का उपयोग किया गया ताकि छात्रों को विद्युत सुरक्षा के नियमों और इनका पालन करने का महत्व अच्छी तरह से समझाया जा सके। छात्रों ने क्विज और भूमिका निभाने जैसी गतिविधियों में भी भाग लिया, जिससे उनकी समझ और उनके संवेदनशीलता में सुधार हो सके।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक डॉ रत्नाकर चौबे, अमरजीत राय, शमीम खान, नीरज द्विवेदी, गौरांग ओता, राजू कुमार झा आदि उपस्थित रहे और बच्चों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। शमीम जी ने कार्यक्रम को परिचालित करने में मदद की। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा की गई जिज्ञासा का उचित समाधान करते हुए किया गया । अंत में सभी विद्यार्थियों ने विद्युत सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने की प्रतिज्ञा दोहराई ।

# एकता वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने रवींद्र भवन में पंचलाइट - एक प्रेम कहानी का मंचन किया

परिहार गर्जना न्यूज। सागर – एई पेचकस के दम पे हमाए लाने शहर की फैक्ट्री में नौकरी मिलहे । बस एक महीना इंतज़ार कर । यह संवाद गोधन अपनी प्रेमिका मुनरी से करता है । इसके जवाब में मुनरी कहती है कि हमें जान दे गोधन, अगर काकी ने देख लओ सो दोईओ की ठठरी बांध दे और जे हमाए गोड़े तोड़ दे अलग और अपनों मिलवों – जलवों सब बंद हो जाने । 26 जून, दिव्य रंग एकता वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने रवींद्र भवन में पंचलाइट – एक प्रेम कहानी का मंचन किया ।



इसका बुंदेली रूपांतरण, परिकल्पना एवं निर्देशन – डॉ अनामिका सागर ने किया तथा संगीत परिकल्पना – डॉ अश्विनी सागर ने किया । जिसे देखते हुए दर्शकों ने तालियों से कलाकारों के बेहतर अभिनय का स्वागत किया ।प्रेम कहानी के ज़रिये नाटक में अशिक्षा पर प्रहार किया जाता है । इस नाटक ने रंगमच के दर्शको का ध्यान ग्रामीण परिवेश की तरफ खीचा क्योंकि यह नाटक पूरी तरह एक हास्य प्रेम कहानी है ॾ फणीश्वर नाथ रेणु जो कहानी के मूल लेखक है , यह कहानी ग्रामीण परिवेश के लोगों कि मासूमियत के इर्द गिर्द घुमती हैद्य गाँव के एक युवक गोधन को मुनरी नाम कि लड़की से प्रेम हो जाता है, जिससे मुनरी कि काकी नाराज़ हो कर पंचयत बुलाती है द्य पंचचायत गोधन का वहिष्कार कर उसे गाँव से बाहर कर देती है और दो प्रेमिओं का बिछोह हो जाता हैद्य एक दिन गाँव वाले सार्वजनिक उपयोग के लिए पेट्रोमैक्स खरीद कर लाते हैं द्य जिसे वहां के लोग पंचलाइट या पंचलेट कहते हैं,सभी उत्साह में है लेकिन तभी पता चलता है कि इसे जलाना तो किसी को आता ही नहीं ॾ गांव वालों के भोलेपन और पंचलाइट जलाना ना आने के कारण हास्य की स्थिति पैदा होती है ॾ दूसरे पंचायत के लोग यह सब जानकर मज़ाक उड़ायेंगे यह सोच कर गाँव वाले परेशान होते हैं ॾ तब मुनरी अपनी सहेली कनेली के माध्यम से सबको बताती है कि गोधन को पंचलाइट जलाना आता है ॾ पंच लोग दूसरे गाँव से पंचलाइट जलाने के लिए किसी को बुलाने की बेईजती से बचने के लिए अत: गोधन को माफ़ कर देते है और उसका हुक्का पानी बहाल कर दिया जाता है और उसे सिनेमा का गाना गाने की इजाज़त मिल जाती है यह नाटक 25 दिनों की कार्यशाला में तैयार किया गया । मंच पर आशुतोष बनर्जी, अनुभव श्रीवास, ऋषिका, अमित, अनामिका, अश्विनी, सोनाली, सत्यम, विक्रम,सतीश, शिवम,गोलू ने बेहतरीन भूमिका निभायी । मंच परे – अर्पित,विवेक,नरेश,अंकिता,विपिन,रामसिंह,एकता,मोनिका ने अपना कार्यभार सँभाला ।

# नाले-नालियों में बहने वाले पानी का बहाव न रुके इसका विशेष ध्यान रखे--निगमायुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। बारिश को देखते हुए शहर में जल भराव की स्थिति न बने और नाला, नालियों की पर्याप्त सफाई रहे, इसको देखते हुए नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री द्वारा प्रतिदिन शहर के नाले, नालियों के सफाई कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है और स्वयं स्थल पर जाकर स्थानीय नागरिकों से सुझाव लेकर जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इसकी लगातार पहल की जा रही है।

इसी क्रम में गुरुवार को प्रात: निगमायुक्त अहमद नगर पहुंचे जहां उन्होंने क्षेत्र की जल निकासी के संबंध में स्वच्छता निरीक्षक और संबंधित जोन प्रभारी से जल निकासी की जानकारी ली और बड़े नाले की पोकलेन मशीन से की जा रही सफाई कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाले,नालियों का बहाव अवरुद्ध न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए और बहाव रुकने पर उसकी तुरंत सफाई कराई जाए , निगमायुक्त ने वैशाली नगर कॉलोनी की जल निकासी की व्यवस्था का भी निरीक्षण करते हुए जल भराव की स्थिति न बने इस संबंध में संबंधित जोन प्रभारी को आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृष्णगंज वार्ड पार्षद अनूप उर्मिल के साथ होटल रैन बसेरा के सामने बडी नाली की सफाई का अवलोकन करते5 हुए दोनों ओर की बड़ी नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए , इसके अलावा उन्होंने मित्र मिलन होटल के बाजू से आने वाले नाली की भी सफाई कराने के निर्देश दिए एवं कृष्णगंज वार्ड में चल रहे पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए । निगमायुक्त ने वार्ड पार्षद एवं आम नागरिकों के सुझाव अनुसार मंदिर से मुख्य मार्ग की ओर आने वाली नाली की सफाई करने के निर्देश दिए ताकि बरसात में कैंट क्षेत्र की ओर से आने वाला पानी इस नाली के माध्यम से सीधे मुख्य नाले में जा सके।



मकान बनाते समय नागरिक मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखें--वैशाली नगर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों को समझाईश दी कि वह मकान या प्लाट खरीदते समय यह ध्यान रखें कि वहां पर्याप्त नाली –रोड–प्रकाश और पेयजल की समुचित व्यवस्था हो , अन्यथा मकान या प्लाट खरीदते समय की गई भूल उनके साथ–साथ पड़ोसियों और प्रशासन को परेशानी का सबक बनती है।

खाली प्लाटों पर पानी भरने पर संबंधित प्लांट मालिक पर कार्यवाही के निर्देश –– निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री ने कहा कि ऐसे खाली प्लाट मालिक जिनके प्लाटों में वर्षा ऋतु में जल भराव होता6 है जिससे मच्छर पनपते हैं, ऐसे प्लाटों में भरने वाले पानी की उचित निकासी व्यवस्था करवा ले ताकि वहां जल जमाव न हो,अन्यथा ऐसा न करने पर संबंधित प्लांट मालिक पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अजगरगति से चल रही पैथालॉजी की जांच पर उठे सवाल

## जांच रिपोर्ट एवं लायसेंस सहित किया गया था संचालक को तलब

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा अंतर्गत मान्या पैथोलॉजी लैब एण्ड पैथोलॉजी कलेक्शन सेंटर नर्सिंग मंदिर रोड, शासकीय अस्पताल के पास जतारा के विरूद्ध की गई शिकायत की जांच अजगरगति से चलने को लेकर सवाल उठाए जाने लगे हैं। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि अधिकारी दोषियों को बचाने में लगे हैं, वहीं अधिकारियों द्वारा जांच जारी है की बात कह कर कार्रवाई का भरोसा दिया जा रहा है। अब देखना है कि इस सारे मामले की सत्यता सामने लाने और कार्रवाई के मामले में क्या होता है। बताया गया है कि लोकेश चतुर्वेदी निवासी जतारा द्वारा दिनांक 13 जून 2024 को दिए गए आवेदन के ठंडे बस्ते जाने के आसार नजर आने पर नाराजगी जाहिर की जा रही है। बताया गया है कि लोकेश चतुर्वेदी चौबेयाना मुहल्ला जतारा द्वारा दिनांक 13 जून 2024 को इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उनके द्वारा आज बुखार की जाँच आपकी पैथोलॉजी से कराई गई, जांच उपरांत रिजल्ट में आपके द्वारा मलेरिया पॉजीटिव रिजल्ट दिया गया। अत: आपको आदेशित किया जाता है कि आप पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के अंदर संबंधित की जाँच रिपोर्ट एवं पैथोलॉजी लैब के पंजीयन प्रमाण पत्र एवं लैब संचालन से संबंधित समस्त दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करें। कहा गया था कि उपस्थित न होने के स्थिति में आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अलग-अलग स्थानों पर कराई गई जांचों के रिजल्ट अलग-अलग आना और दो में से किसी एक पर भी कार्रवाई न होना नाराजगी का कारण बना हुआ है। आखिर कोई एक तो दोषी है। सूत्रों का कहना है कि तमाम लिखा पड़ी के बाद भी बात आई गई होती नजर आ रही है। पैथोलांजी के खिलाफ अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। अब देखना है कि अजगरगति से चल रही कार्रवाई में गति लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग क्या कदम उठाता है। ज्ञात हो कि अब तक ग्राम कारी, बड़ागांव एवं अन्य स्थानों पर हुई कार्रवाई के मामले में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई संतोषजनक नहीं मानी जा रही है। लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डाक्टरों एवं चर्चित पैथालाजी के अलावा मेडीकल स्टोरर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग लंबे समय से की जा रही है। कई संस्थाएं बिना लायसेंस के ही चलाई जाती रही हैं, लेकिन उन पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। स्वास्थ्य संबन्धी शिकायतों को गंभीरता से लेने और दोषियों पर कार्रवाई करने पर जोर दिया जाता रहा है।

***बर्जन***

जो हमारे द्वारा पैथोलॉजी के नाम लेटर जारी किया गया था, उसके लिए जिले के मलेरिया अधिकारी हरिओम रावत को आना था, वह अभी तक आए नहीं है। 10 से 15 दिन निकल चुके हैं पैथोलॉजी द्वारा लेटर का कोई जवाब नहीं दिया गया है कुछ दिन बाद हम पैथोलॉजी के नाम दूसरा नोटिस जारी करेंगे।

***संजय कुशवाहा बीएमओ, जतारा***

# नाबालिग बच्ची की हत्या कर शव को तालाब के पास फेंका

## मामला दर्ज कर पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुटी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। यहां से कारी की ओर जाने वाले मार्ग पर ग्राम आलमपुरा में नाबालिग बच्ची की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले का खुलासा करने में पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी सहित पुलिस कर्मचारी जुटे हुए है। पुलिस कप्तान के निर्देशन में की जा रही कार्रवाई के दौरान थाना देहात पुलिस संदेहियों से पूंछतांछ करने में जुटी हुई है। उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। घटना के संबन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय देहात थाना क्षेत्र के आलमपुरा गांव में बुधवार रात तालाब के पास 5 साल की बच्ची का शव संदिग्ध परिस्थिति में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस में रखकर शव को थाने लाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए देर रात एसपी रोहित काशबानी देहात थाना पहुंचे और बच्ची के परिजनों से पूंछतांछ की गई। इस दौरान बच्ची के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। गुरूवार की सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। देहात थाना प्रभारी रवि गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत आलमपुरा के पास बनी तलैया के पास 5 साल की बच्ची का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर टीम रवाना की गई। इस दौरान बारिश शुरू हो गई। जिसके चलते बच्ची के शव को 108 एंबुलेंस में रखकर देहात थाने लाया गया। बच्ची के पिता अरविंद कुशवाहा ने बताया कि बुधवार दोपहर घर के सब लोग गांव में किसी की मौत हो जाने पर उसमें शामिल होने गए थे। इस दौरान 5 वर्षीय नव्या घर पर अकेली थी। लौटकर आकर देखा तो बच्ची घर पर नहीं मिली। रात में उसका शव तलैया के पास पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि बच्ची के सिर में चोट के निशान है। पूंछतांछ के दौरान परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।



***पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला-***

देहात थाना प्रभारी ने बताया कि बच्ची के पिता की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुरूवार को जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव बच्ची के परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद बताया गया है कि बच्ची की हत्या की गई हैं। इस मामले में संदेहियों से पूंछतांछ की जा रही है। जल्दी ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# गुणों की खान थी मातेश्वरी जगदम्बा- बी के उमा दीदी जी

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ीः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा निवाड़ी में मातेश्वरी जगदंबा जी के स्मृति दिवस के उपलक्ष में भव्य ब्रह्मा भोजन का आयोजन किया गया जिसमें बरुआसागर से आई हुई राजयोगिनी बीके उमा दीदी जी ने कहा की जैसा अन्न वैसा मन जैसा पानी वैसी वाणी इसलिए हमें परमात्मा की याद में ही भोजन करना चाहिए और परमात्मा की याद से शुभ संकल्प देकर पानी पीना चाहिए हमें अपने जीवन को सुख शांति से संपन्न बनाना है तो सदैव शुभ सोचना है शुभ बोलना है एवं हर कार्य को परमात्मा की याद में करना चाहिए हमारी यज्ञ की प्रथम मुख्य प्रशशिका मातेश्वरी जगदंबा जी जो परमात्मा की श्रीमती पर चलकर हर कार्य करती और दूसरों को सही राह दिखाती उनकी विशेष धारणा के संकल्प थे हुक्मी हुकुम चल रहा है कराने वाला करा रहा है मुझे निश्चित होकर कर्म करना है एवं जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिए वह हमेशा कहती थी कि अगर एक बार गलती हो गई तो उससे शिक्षा ग्रहण करके वह गलती दोबारा ना हो यह याद रखना है एवं हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझकर जीवन में रहेंगे तो कोई भी पाप कर्म नहीं होगा जगदंबा सरस्वती जी जितनी निर्मल थी जितनी मधुर थी जितनी शीतल थी उतनी गंभीर भी थी वह दिव्य गुणों से संपन्न फरिश्ता स्वरूप चैतन्य देवी थी उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन परमात्मा पर समर्पित करके विश्व कल्याण में लगा दिया और 24 जून 1965 में ईश्वरी सेवाएं करते-करते पुराना शरीर छोड़ परमात्मा की गोद ली। इसी बीच निवाड़ी केंद्र प्रभारी बी के रचना दी दी ने कहा कि ये पूरा जून मास जगदम्बा माँ की याद मे तपस्या मास के रूप मे मनाया जाता हैं। एवं ब्रह्मा भोजन किये जाते है। तत्पश्चात आए हुए सभी भाई बहनों ने एवं ब्रह्माकुमारी बहनो ने जगदंबा मां सरस्वती जी को श्रद्धा सुमन समर्पित कर जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया एवं आये सभी भाई बहनों को आत्म स्मृति का तिलक देकर ब्रह्मा भोजन खिलाया गया यह कार्यक्रम पूरे दिन चलता रहा। कार्यक्रम में बरुआसागर केंद्र प्रभारी जी निवाड़ी केंद्र प्रभारी भी के रचना दीदी जी बी के मोहिनी दीदी बीके आरती दीदी बीके ऊषा माता जी शैलेंद्र कुशवाहा जी जेलर साहव,संतोष गुप्ता , सुमन शेखर माताजी, पुष्पा माताजी खर्द, कल्पना खर्द माताजी, रत्ना साहू, मुकेश दांगी जिला महामंत्री निवाड़ी, नेहा राय जिला महामंत्री महिला मौर्चा, डॉ लक्ष्मी नारायण राय,सुरेश दांगी, राम लली राय ,संगीता गुप्ता, मंजू श्रीवास्तव ,मालती यादव ,ज्योति बहन ,भगवती खंगार ,द्रोपती रैकवार ,हेमा सिंह, महेंद्र दाऊजी, रविकांत चतुर्वेदी जी ,राममिलन शर्मा जी गायत्री मंदिर, राजू मिश्रा जी थाने मंदिर के पुजारी, रविकांत चतुर्वेदी जी ,पृथ्वी सिंह यादव, बसुन्धरा त्रिपाठी, लता चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा चार्ज पर लगाते समय लगा करंट, युवक की हुई मौत

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम असाटी में ई रिक्शा को चार्ज पर लगाते समय करंट लगने से एक युवक की मृत्यु हुई है। प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम असाटी निवासी हर प्रसाद उम्र 22 वर्ष ई रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन कर रहे थे और रोजाना की भांति बीते रोज पूरे दिन ई रिक्शा चला कर हरप्रसाद अपने घर पहुंचे तथा रात्रि करीब 10ः30 बजे उनके द्वारा ई रिक्शा चार्ज पर लगाया गया तभी बिजली का एक तार हरप्रसाद के हाथ से चिपक गया जिसके चलते जोरदार करंट लगने से हरप्रसाद की हालत गंभीर हुई जिसे तत्काल परिजनों के द्वारा निवाड़ी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया लेकिन रास्ते में ही हरप्रसाद की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया तथा पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत से संपूर्ण ग्राम में शोक की लहर देखी जा रही है।

# जल, जंगल और जमीन को लेकर जंग पर लगा विराम, हुआ समझौता

## पूर्व विधायक और संतश्री में हुई सुलह, बैदपुर जंगल पर फिर मडराया संकट

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के धजरई हनुमान मंदिर के महंत सीताराम दास महाराज और छतरपुर के पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी के बीच हुए विवाद में आखिरकार समझौता हो गया है। गुरुवार को महंत सीताराम दास महाराज ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने समझौते का एक वीडियो भी सार्वजनिक किया है। जिसमें पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी शासन के नियमों के तहत खनन वाले स्थान पर पेड़ लगाने की बात करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने संत के साथ हुए विवाद के लिए कुछ राजनीतिक लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। महंत सीताराम दास महाराज की ओर से सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो से फिलहाल पूरा मामला शांत होता नजर आ रहा है।



***क्या हुआ था मामला-***

22 जून को जिले के धजरई हनुमान मंदिर के महंत सीताराम दास महाराज और छतरपुर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी के बीच विवाद हो गया था। मंदिर परिसर में दोनों के बीच काफी देर तक वाद-विवाद चला। मामला बढ़ जाने पर संत सीताराम दास ने डंडा लेकर पूर्व विधायक और उनके साथ आए लोगों को मंदिर परिसर से खदेड़ दिया था। महंत ने आलोक चतुर्वेदी पर अपने लोगों के साथ मंदिर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने पूर्व विधायक सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अब जल, जंगल और जमीन को लेकर किए जाने वाले संतश्री के संघर्ष और मामले में आए नाटकीय मोढ़ को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जाने लगी हैं। हालांकि पूर्व से ही सारा मामला टांय-टांय फिस्स होने के कयास लगाए जाते रहें हैं।

***पेड़ काटने को लेकर हुआ था विवाद-***

जानकारी के अनुसार जिले के बैदपुर गांव में कांग्रेस के पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी उर्फ पज्जन की कंपनी खजुराहो मिनरल्स की पत्थर की खदान प्रदेश और केंद्र सरकार से स्वीकृत हुई है। जहां खदान स्वीकृत हुई है, वहां आसपास जंगल है। खदान के लिए तकरीबन 10 से 12 हजार छोटे बड़े पेड़ काटे जाना है। पेड़ काटे जाने के विरोध को लेकर शनिवार को धजरई हनुमान मंदिर के महंत सीताराम दास बैदपुर गांव पहुंचे थे। वहां उन्होंने पेड़ काटे जाने का विरोध किया था। इसके बाद महंत करीब 3 बजे अपने धजरई आश्रम आ गए। जब इसकी जानकारी आलोक चतुर्वेदी को लगी तो वह महंत से मिलने धजरई हनुमान मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान महंत सीताराम दास भड़क गए और दोनों के बीच विवाद हो गया था। अब देखना है कि अंधाधुंद पेड़ों की कटाई के मामले में प्रशासन क्या कोई नया रास्ता निकालेगा या फिर यह जंगल मैदान में तब्दील होगा।

# वनरक्षक भर्ती के लिए आयोजित दौड़ के दौरान मोटरसाइकिल से दौड़ मे भाग ले रहा पकड़ा गया प्रतिभागी



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/वन विभाग द्वारा वन रक्षको की भर्ती के लिए दौड़ आयोजित की गई थी। जिसमें अनेक प्रतिभागी शामिल हुए थें। कई जिलो से दोड़ मे भाग लेने के लिए प्रतिभागी आये हुए थें तथा वह विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार दोड़ करने के लिए शामिल हुए थें। लेकिन कुछ चालाक प्रतिभागियों द्वारा मोटर साईकिल से दौड़ करके परीक्षा मे प्रतिभागी को मोटरसाइकिल में बैठकर दौड़ पूरी करते हुए पकड़ा है। मामले के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह पन्ना कोतवाली अंतर्गत ग्राम मनौर से कैमासन तिराहा मझगवां तक के लिए दौड़ आयोजित की गई थी जिसमें राजकुमार वर्मा चेस्ट नंबर 17 मोटरसाइकिल पर बैठकर दौड़ पूरी करने के प्रयास में अपने साथी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 19 एमजे 4612 पर बैठकर दौड़ पूरी कर रहा था जिसे उत्तर वन मंडल के उपवन मंडल अधिकारी विश्रामगंज दिनेश गौर एवं अन्य वनकर्मियों के द्वारा पकड़ लिया गया। इस संबंध में जब श्री गौर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित प्रतिभागी को उक्त प्रतियोगिता से प्रतिबंधित कर दिया गया है। बताया जाता है कि उक्त मामले मे प्रतिभागी परीक्षा मे शामिल कुछ अधिकारी कर्मचारीयो की भूमिका भी संदिग्ध है। इसके पूर्व विगत वर्ष भी इसी प्रकार का फर्जीवाडा हुआ था। जिसके कारण भिंड मुरैना क्षेत्र के प्रतिभागी अधिक चयनित हुए थें। इस मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहीएं तथा जो भी शामिल हो उनके खिलाफ कडी कार्यवाही होनी चाहीए।

## एसपी के निर्देश में कोतवाली पुलिस ने ग्राम गंज में जुंवे के फड़ में छापामार कार्यवाही कर 7 जुवारियो को किया गिरफ्तार

### दो लाख की नगद राशि एवं 1 अर्टिगा कार, 6 मोटरसाइकिल सहित 16 लाख की संपत्ति जप्त



छतरपुर ! पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों को जुंवारियो, सटोरियों एवं जुआ- सट्टा का संचालन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंज में चोरी छुपे संचालित जुंवे के फड़ की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक छतरपुर अमन मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। थाना कोतवाली एवं थाना ओरछा रोड संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम गंज में चोरी से संचालित जुंवे के फड़ में छापामार कार्यवाही की गई। फड़ से 07 व्यक्तियों 1. मोहम्मद मंसूरी निवासी छतरपुर 2. हरि कुशवाहा निवासी छतरपुर 3. सोनू खान निवासी छतरपुर 4. सुनील असाटी निवासी खरगापुर जिला टीकमगढ़ 5. सुनील चौरसिया निवासी देवगांव 6. तरुण तिवारी निवासी गंज थाना बमीठा 7. राजकुमार पटेल निवासी जिला पन्ना को ग्राम गंज थाना बमीठा में जुआ खेलते पकडा गया जिनके पास से करीब 2 लाख रूपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते बरामद हुये। साथ ही फड़ से जुंवारियो की 1 अर्टिगा कार, 6 मोटरसाइकिल भी जप्त की गई। 2 लाख नगद राशि, 1 अर्टिगा कार कीमत करीब 10 लाख, 6 मोटरसाइकिल करीब 4 लाख रुपए कुल कीमती करीब 16 लाख रुपए की संपत्ति जप्त कर कब्जे पुलिस ली गई। सभी 7 व्यक्तियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के अन्तर्गत अपराध कायम किया गया । अभियुक्तों को न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक पुष्पेंद्र यादव, उपनिरीक्षक राहुल तिवारी प्रधान आरक्षक संदीप तोमर, तरुण विश्वकर्मा, आरक्षक राजेश यादव, गुलाब खान, कपेन्द्र घोष एवं पुलिस टीम की मुख्य भूमिका रही।

## भाजपा निकालेगी सांसद की मतदाता आभार यात्रा

पन्ना/विगत महिना लोकसभा चुनाव संपन्न हुए जिसमें खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से वीडी शर्मा सांसद निर्वाचित हुए, जिले की जनता का भारी समर्थन प्राप्त होने पर जिला भाजपा द्वारा आभार यात्रा निकाली जायेगी। उक्त संबंध में भाजापा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा ने गुनौर जनपद पंचायत कार्यालय सभागार मे कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए बताया कि उक्त यात्रा 29 जून से प्रारंभ होगी। जो गुनौर विधानसभा के विभिन्न तहसील स्तर कस्वा एवं ग्रामो का भ्रमण करते हुए आभार प्रदर्शन करेगी तथा 30 जून को पवई क्षेत्र का भ्रमण करेगी, उक्त बैठक मे भाजपा के मंडल अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारी शिमल रहें।

## सलेहा क्षेत्र मे वर्षो से चल रहे बिना नम्बर के वाहन पुलिस द्वारा नही की जा रही कोई कार्यवाही

पन्ना/जिले मे परिवहन विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा अवैध रूप से सैकड़ो वाहन चल रहें है जिन पर कार्यवाही नही की जा रही है। गुनौर तहसील अन्तर्गत सलेहा कस्वा मुख्यालय में चौमुख नाथ, मिनरल वाटर प्लांट का पानी सप्लाई करने वाले छोटा हाथी मे दो वर्ष से नम्बर नही डला है तथा उक्त वाहन बिना किसी रोकटोक के चल रहा है। जो पानी का प्लांट संचालित किया जा रहा है। वह भी अवैधानिक है। स्थानीय लोगो ने संबंधितो पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# छोटे दुकानदारो को नगर पालिका ने दो दिन के अन्दर हटाने का फरमान किया जारी

## कलेक्टर से लगाई गुहार



**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/नगर के छोटे दुकानदार जो चाय, समोसा, फल तथा अन्य छोटे छोटे धंधा करने वाले अपने परिवार का भरण पोशण करते है, तथा वार्ड नम्बर 13 एवं 23 के निवासी जगात चौकी चौराहे पर दुकाने संचालित करते है। उन्हे नगर पालिका द्वारा भरी वर्षात में दो दिन के अन्दर हटाने का फरमान जारी किया गया है। उक्त दुकानदारो ने जिला कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक तथा तहसीलदार को आवेदन देकर न्याय दिलाने की मांग की है तथा कहा है कि हम लोग अस्थाई रूप से अपने परिवार के उदर पोषण के लिए छोटी छोटी दुकाने संचालित कर परिवार पालन करते है। लेकिन नगर पालिका के अल्टीमेटम से परेशान नगर पालिका मे स्पीकर से ऐलाउन्स कराकर दो दिन के अन्दर हटने का फरमान जारी किया है। दुकानदारो ने बताया कि नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन दुकानदारो से दस रूपये बजार बैठकी लिया जाता है तथा कुछ दुकानदारो से तीन सौ रूपये मासिक भी लिया जाता है। इसके बावजूद इस प्रकार से परेशान किया जा रहा है। आंगे देखना है गरीबो के साथ न्याय होता है या नही।

## दो फरार स्थाई वारन्टीयों को बृजपुर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विभिन्न अपराधो मे लिप्त रहें दो फरार स्थाई वारन्टीयों को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी बृजपुर भानू प्रताप सिंह नें गिरफ्तार किया है। जिसमें असलम पिता रहमत उल्ला खान धारा 379 के मामले मे फरार था तथा प्रेम लाल उर्फ पिरिया पिता कमली गौड़ को वन प्राणी अधिनियम में फरार था। जिसे गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में साईबर सेल से अनिल राजपूत, प्रधान आरक्षक राजेश, रामनिरंजन, पुंनीत शर्मा, सुधीर, तेजू, मुनेन्द्र, बबलू, दिनेश शोलंकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सुशील वैभव वीणा खरे हरिद्वार में हुए सम्मानित




परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विगत दिवस गंगा दशहरा के अवसर पर आर डी काव्य कुल एवं साहित्य हमारी पहचान के संयुक्त तत्वाधान में हरिद्वार उत्तराखंड में भव्य साहित्य महाकुंभ एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देशभर से लगभग 60 कवि, साहित्यकारों ने सहभागिता की उक्त कार्यक्रम में पन्ना के कवि साहित्यकार सुशील वैभव एवं श्रीमती वीणा खरे को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र आदि से सम्मानित किया गया संस्था अध्यक्ष रंजीत शर्मा रंग आगरा, मनोज भगवा बड़ी पंजाब, देवनारायण शर्मा आगरा ग्राफिक स्वामी इगलास, केवल कुमार केवल जम्मू कश्मीर आदि ने सुशील खरे वैभव एवं वीणा खरे को बधाई एवं शुभकामनाये दी। सम्मानित होकर पन्ना लौटने पर पंडित उमादेव उपाध्याय, एस कुमार चनपुरिया, डॉक्टर प्रमोद श्रीवास्तव, सुरेश सौरभ, मनीष मिश्रा एवं राकेश शर्मा ने सुशील वैभव एवं वीणा खरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# हमें कुछ पानी केन-बेतवा से मिल रहा है और हमारी जो पांच परियोजनाएं हैं उनमें भी लगभग 175000 एकड़ की सिंचाई, उससे भी होगी रोड मेप बनाकर लाये और शासन के साथइसको समाहित करें-राज्य मंत्री श्री पटेल

**-100 करोड़ की परियोजना भगवान भोलेनाथ के बांदकपुर कॉरिडोर के लिए बनाई गई है और उस पर जल्दी ही काम शुरू होगा -राज्य मंत्री श्री लोधी**

**-पांचो नदियों को जोड़ दिया जाता है तो दमोह जिले में कभी पानी की कमी नहीं आयेगी-पिछड़ा वर्ग आयोग अध्य क्ष डॉ कुसमरिया**

**-इस बार जो बारिश में पानी आएगा उससे उन 39 गांव में सिंचाई होगी-विधायक श्री मलैया**

**-दमोह के विकास का रोडमैप ( भविष्य की संभावनाओं पर विचार विमर्श ) पर हुई बैठक, जनप्रतिनिधि-गणमान्य नागरिकों, विभिन्न संगठनो के पदाधिकरीगण रहे मौजूद**

राजकुमार दुबे

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह = 27 जून। हर विधानसभा का यह रोड मेप है और इसको आने वाले समय के लिए हमारा विजन क्या होगा, प्रदेश कैसा होगा इसके लिए हर विधायक को जिम्मेदारी दी गई है कि अपने यहां का रोड मेप बनाकर लाये और शासन के साथ इसको समाहित करें। इस संबंध में सभी जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिकों सभी के सुझाव लिये गए। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आज कलेक्टर कार्यालय में दमोह के विकास का रोडमैप (भविष्य की संभावनाओं पर विचार विमर्श) पर आयोजित बैठक में व्यक्त किये। इस अवसर पर संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक द्रय श्री जयंत मलैया, श्रीमती उमा देवी खटीक, भाजपा जिलाध्यरक्ष प्रीतम सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीत गौरव पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू वीरेंद्र राय, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, नागरिकगण मौजूद रहे।

राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा यह इसलिए की हमारा आने वाले समय का दमोह कैसा हो, हमारा जिला कैसा हो, हमारे गांव कैसे हो उसके लिए सभी लोगों से सुझाव लिये गए हैं और इन सुझावों को समाहित करके 5 वर्ष में इसको पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। इसमें बहुत सारे सुझाव खास तौर से सिंचाई के संबंध में बहुत सारे सुझाव है और भी बिंदुओं पर सुझाव आए हैं, उन पर अधिकारियों से बात की गई है, उसको डॉक्यूमेंट में जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा हर विकासखंड में मिट्टी परीक्षण की बिल्डिंग बनी हुई है, जिन बेरोजगार युवाओं को कोई काम मिलेगा। यदि कोई किसान जो खुद मिट्टी लेकर आएगा, उसकी 25-50 रुपए जो फीस है, वह देनी पड़ेगी। यह एक बड़ा फैसला अभी हाल ही कैबिनेट में हुआ है, इस तरीके का काम कर रहे हैं, जिससे मुझे लगता है कि यह मिट्टी परीक्षण वाली समस्या हल हो जाएगी। उन्होंने कहा 25 गांव छूटे है वह जुड़ रहे हैं, इसकी सबसे ज्यादा कोई चिंता कर रहे हैं तो वह पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत भैया जी ने की हैं।

उन्होंने कहा व्यारमा नदी का प्रोजेक्ट तैयार हो चुका है, लगभग उसमें 2 लाख हेक्टेयर की सिंचाई होगी, उसको जोड़ देंगे तो हमारा पूरा जिला जो बचा हुआ है, क्योंकि हमें कुछ पानी केन-बेतवा से मिल रहा है और हमारी जो पांच परियोजनाएं हैं उनमें भी लगभग 175000 एकड़ की सिंचाई, उससे भी होगी । कुछ सिंचाई तालाबों से हो रही है, बाकी जो बचेगा अगर यदि यह योजना स्वीकृत हो जाए तो मुझे लगता है कि दमोह जिले की पूरी सिंचाई हो जाएगी। उन्होंने कहा हमारा जो सीतानगर डेम है, यह डेम बहुत बड़ा डेम है और वहां पर बाजू में ही मड़कोलेश्वर है, वहीं पर हवाई अड्डे बनाने की बात हो रही है। उन्होंने कहा नरसिंहगढ़ में हमारा पीडब्ल्यूडी का रेस्ट हाउस है, उसको बहुत अच्छा बनाना है। वहां पर रेस्टोरेंट बनाने और साथ में वोटिंग करने का प्लान है। डायमंड सीमेंट का हवाई अड्डा पुराना है, सिर्फ तीन या चार बार वहां पर जहाज उतरा है। अभी मैंने कुछ दिन पहले ही उसमें बात की थी तो वह उसे सरेंडर कर रहे हैं इसके दस्तावेज देखकर हम लोग वहां बनाने का काम करेंगे। उसका सिर्फ सीमेंटीकरण होना है वह हो जाएगा तो हवाई अड्डा चालू हो जाएगा।

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा दमोह पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में बहुत समृद्ध-शाली जिला है। इसके लिए बांदकपुर कॉरिडोर से शुरू कर रहे हैं, 100 करोड़ की परियोजना भगवान भोलेनाथ के बांदकपुर कॉरिडोर के लिए बनाई गई है और उस पर जल्दी ही काम शुरू होगा। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने जो निर्देश दिए हैं की हर विधानसभा का हर जिले का एक विजन डॉक्यूमेंट बनाना चाहिए, जिसमें हम 5 साल में क्या-क्या काम करना चाहते हैं वह विजन डॉक्यूमेंट बनाकर हम यहां से कलेक्टर के माध्यम से भेजेंगे और उस विजन डॉक्यूमेंट को लेकर मंत्रिमंडल के माध्यम से कैबिनेट में योजना बनाकर उस विजन डॉक्यूमेंट पर काम किया जाएगा। सारे विभागों को लेकर आज विजन डॉक्यूमेंट को लेकर चर्चा हुई और जिले के सभी बुद्धिजीवियों को भी बुलाया गया जिसमें उन्होंने अपनी-अपनी राय दी है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात है कि विजन डॉक्यूमेंट सीधे केवल एक नेता विशेष नहीं बना रहा है, पूरे जिला के बुद्धिजीवी लोगों को बुलाकर विजन डॉक्यूमेंट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह अच्छी सोच है इसके सुखद परिणाम आने वाले समय में देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा जब पहली बैठक ली थी तब मैंने कहा था सबसे पहले बांदकपुर का विकास करना है, उसकी योजना बन गई है, इसकी बैठक मंदिर समिति के साथ करके योजना को जल्दी ही आगे बढ़ाया जाएगा और जो आप सभी की डिमांड है धीरे-धीरे सारी डिमांड हम पूरी करेंगे।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा एयर एंबुलेंस की सुविधा पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने शुरू की है। यदि कोई ऐसी स्थिति बनती है तो कलेक्टर से, सीएमएचओ से संपर्क करके उस गंभीर मरीज को एयरलिफ्ट करके भोपाल या जिस हॉस्पिटल में ले जाना है, वहां ले जाया जा सकता है। उन्होंने कलेक्टर से कहा हरदुआ गांव प्रधानमंत्री सड़क से जुड़ गया है, लेकिन हाथी घाट इसलिए नहीं जुड़ पा रहा है क्योंकि रिकॉर्ड में एक ही नाम है, इन दोनों गांवों को अलग-अलग करने की जो भी प्रक्रिया है वह कर ली जाये, वह प्रधानमंत्री सड़क से जुड़ जाए ताकि जो ग्रामीण जन है उन्हें सुविधा हो सके।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा जिले में 05 नदिया बेबस, सुनार, कोपरा और व्यारमा जिले से निकली हैं, यदि इन पांचो नदियों को जोड़ दिया जाता है तो दमोह जिले में कभी पानी की कमी नहीं आयेगी। उन्होंने का ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा किया जाये मुख्यमंत्री जी से चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कुम्हारी क्षेत्र में 10 तालाब बहुत अच्छे बने है, सिंचाई के लिए नहरे बनाए ताकि खेतों में पानी जा सके। उन्होंने कहा दिव्यांगो के उपकरणों के सुधार का काम बहुत पहले किया गया था। दिव्यांगों के उपकरण सुधार कार्य के लिये यहां सुधार केन्द्र बनाकर सुधार कराया जाये। उन्होंने कहा सकोर में 9वी सदी का मंदिर है, यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं है। इसे जागेश्वर लोक के रूप में विकसित किया जाये। कुण्डलपुर में रूकमणी मठ को भी विकसित?किया जाये।

पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा दमोह जिले के हर विधानसभा में एक-एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए अलग-अलग वर्गों के लोगों को बुलाया गया, सभी ने हर विभाग के बारे में जो उनके विचार थे, उन विचारों को व्यक्त किया। सभी को कलेक्टर ने आमंत्रित किया है और इसके बाद 15 जुलाई तक विजन डॉक्यूमेंट बनाने की बात कही गई है। उन्होंने कलेक्टर श्री कोचर से कहा ग्रामीण क्षेत्र में और यहां पर भी शालाओं की स्थिति जीर्ण-छीर्ण हालत में है, कई जगह उसकी रिपेयरिंग होना है, कई जगह पर शालाओं में अतिरिक्त कक्ष बनने है, कई जगह पर टॉयलेट नहीं है, खास तौर से बेटियों के लिए टॉयलेट बनवाएं जाये। विधायक श्री मालैया ने कहा इस वर्ष पानी की कमी थी, सतधरू से पेयजल आ रहा था, इस बार जो बारिस में पानी आएगा उससे उन 39 गांव में सिंचाई होगी और उसके बाद पानी की उपलब्धता देखते हुए आगे उसका विस्तार किया जा सकेगा।



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज आयोजित बैठक के प्रारंभ में कहा दमोह जिले की विकास संभावनाओं पर विचार करके अगले 5 साल का रोड मैप तैयार किया जा रहा है। प्रेजेंटेशन में विषय हैं, इस पर सभी अपने विचार रखेंगे। एक रोड मैप तैयार कर मुख्यमंत्री जी को सौपा जाएगा। इसके पहले जनप्रतिनिधियों के साथ उसके बाद अधिकारियों के साथ इस विषय पर चर्चा की जाएगी।

***<u>बैठक में जो सुझाव है, उसमें प्रमुख इस प्रकार से हैं</u>***

दमोह को पर्यटन के नक्शे में लाया जाए, सिंगल क्लिक पर सारी जानकारी वेबसाइट पर मिल जाए। बकायन में आयोजित होने वाले महोत्सव को संस्कृत विभाग के कैलेंडर में शामिल किए जाने की बात रखी गई। साथ ही कहा गया कि इस उत्सव के लिए राशि बढ़ाई जाए। जबलपुर-दमोह-ओरछा मार्ग का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है, शीघ्र शुरू कराया जाए, जो भी बाधा है दूर कराई जाए। यह भी सुझाव आया कि धार्मिक स्थल कुंडलपुर, बांदकपुर, नोहलेश्वर आदि के लिये सड़क उच्चस्तरीय बनवाई जाए, जिसमें सभी तरह के वाहनों का आवागमन सुगम रहे।

बैठक में दमोह जिले को एयर कनेक्टिविटी से जोड़े जाने की बात प्रमुखता से रखी गई। इस अवसर पर कहा गया कि दमोह जिले के तीर्थ क्षेत्र को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ा जाए, साथ ही दमोह को जबलपुर से पुणे की फ्लाइट शुरू कराई जाए, दमोह से बड़ी तादाद में लोग पुणे से जुड़े हुए हैं। बैठक के दौरान यह भी कहा गया स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया जाए, जिले में जो पारंपरिक उद्योग है उनको आधुनिक साधनों से जोड़ा जाए, नई संभावनाओं पर विचार कर उन्हें अपग्रेड किया जाए। दमोह के जिला उद्योग केंद्र को एक्टिव किया जाए। नोहटा में बिजली पोल बनाने की फैक्ट्री को पुनः शुरू करने की बात रखी गई। साथ ही जिले में सांची पार्लर अधिक संख्या में खोले जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। इस दौरान बसती गृह में जो कि बंद पड़ा हुआ है यहां पर महिलाओं को रोजगार हेतु अवसर मुहैया करने के साथ जिले में जो गौशालाएं हैं उन्हें उद्योगों से जोड़ने के संबंध में प्रमुख से बातें रखी गई।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, नागरिकों आदि ने अपने सुझाव रखें। जो इस प्रकार हैं इनमे एक जिला एक उत्पाद की चर्चा की गई। कहा गया कि यहां की जो चना दाल है, एक जिला एक उत्पाद में शामिल है, अच्छी क्वालिटी की है, इसकी बिहार यू.पी. आदि में अच्छी डिमांड भी है। बात रखी गई कि यहां से जाने वाले माल की राशि सही समय पर मिल जाए ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। इस दौरान स्कूली शिक्षा तकनीकी, शिक्षा उच्च शिक्षा और मेडिकल शिक्षा पर भी चर्चा की गई। दमोह में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा कर सुझाव दिए गए कि स्वास्थ्य सुविधाओं में विशेष रूप से हृदय रोग विशेषज्ञ और न्यूरो के डी.एम. डॉक्टर की पदस्थापना यहां पर कराई जाए, साथ ही एमआरआई की स्थापना पर जोर दिया गया। यह बात भी रखी गई कि पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह को पॉलिटेक्निक कॉलेज ही रखा जाए, इंजीनियरिंग कॉलेज नई जगह पर बनाया जाए। दमोह में लॉ कोर्स शुरू करने के बाद भी रखी गई।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास के मछली पालन के संबंध में भी अपनी बात रखी गई, मछली पालन और कृषि सिंचाई के बारे में विचार रखे गए। यहां पर नहर का सुधार के साथ बलराम तालाब योजना को पुन: शुरू करने की बात रखी गई। इस दौरान जटाशंकर, भीमकुंड, बांदकपुर, कुंडलपुर, सिंग्रामपुर को लिंक मार्ग विकसित करने और चौरैया गुफा, बंशीपुर का विकास, बरी कनोरा को अतिक्रमण मुक्त करने आदि विषयों पर भी सुझाव रखे गए। जिले के सभी तालाबों को संरक्षित करने की कार्य योजना बनाई जाने पर जोर दिया गया, साथ ही कहा गया कि इन तालाबों में जहां भी अतिक्रमण हैं, उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। मनरेगा के तालाबों को व्यवस्थित कर दिया जाए, जिससे ये सिंचाई सुविधा के भी काम आएंगे। सत्तधरू परियोजना में झापन से हथनी तक कुछ गांव छूटे हैं, उन्हें शामिल करने की बात रखी गई। इस दौरान दमोह शहर सहित अन्य स्थानों एवं मार्गो से अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया गया। साथ ही दमोह शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कैसे कम हो इस संबंध में भी विचार रखे गए।

# केएम के चांसलर ने सीए भवन में लगाया फ्री जांच शिविर, चार्टर्ड अकाउंटेंट व छात्रों को दिये हैल्थ कार्ड

## केएम चिकित्सकों ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक




**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मुंबई राधिका बिहार स्थित सीए भवन पर चार्टर्ड सप्ताह के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के निर्देशानुसार दूसरे दिन नेत्र जांच, स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाया गया। जिसमें केएम हॉस्पिटल के नेत्र जांच, स्वास्थ्य जांच में हड्डी रोग विभाग और मेडीसन विभाग के चिकित्सकों ने फ्री हैल्थ चैकअप करके चार्टर्ड अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्रों व उनके परिवारीजनों को दो वर्ष के इलाज के लिए 50 प्रतिशत छूट का हैल्थ कार्ड फ्री दिया है।

कैम्प का शुभारंभ माता सरस्वती का दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमे ब्रांच चैयरमैन सीए मुकुल शर्मा,सचिव सीए रवि अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए राहुल चौधरी , कोषयाध्यस सीए अनुराग खंडेलवाल, पूर्वाध्यक्ष सीए रोहित कपूर, स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डा. भूदेव सिंह कार्यक्रम संजोयजक सीए कुलदीप अरोरा, सीए सजल गोयल, सीए अमित कुमार अग्रवाल, सीए अमित अग्रवाल, हर्ष चतुर्वेदी, प्रियांशी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

केएम हास्पिटल के एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, हड्डी विभाग, आंख रोग विभाग, मेडीसन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डा. गौरव चौधरी, डा. पंकज त्यागी, डा. भावेश, डा. दिवाकर, डा. हिमानी, डा. दिलीशा, नर्सिंग स्टाफ की अंजू चौधरी द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्रों का फ्री स्वास्थ्य जांच और नेत्र जांच करते हुए उन्हें हैल्थ कार्ड वितरित किया तथा साथ ही उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। केएम हॉस्पिटल के डा. पंकज त्यागी ने बताया चार्टर्ड अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्र-छात्राओं की कमर, गर्दन दर्द, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और आंखों की जांच की गई है। उन्हें सलाह दी गई है कि सात घंटे कार्य करने पर यह समस्याएं सक्रिय हो जाती है जिसके लिए उन्हें नियमित व्यायाम और बीच बीच कार्य और पढ़ाई के दौरान थोडा रेस्ट करना आवश्यक है।

सचिव सीए रवि अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र जांच की सेवा केएम मेडिकल हॉस्पिटल के द्वारा दी गयी। जिसका चार्टर्ड अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्रों ने लाभ लिया है तथा साथ ही 30 यूनिट रक्तदान किया जिसमें सदभावना ब्लड बैंक का सहयोग रहा। लगभग 80 मेंबर्स द्वारा नेत्र जांच और स्वास्थ जाच का लाभ उठाया गया। सीए चिराग अग्रवाल, सीए रोहित गंगवानी,सीए अंशुल माहेश्वरी, सीए नितिन अग्रवाल, सीए गुलशन वार्ष्णेय , सीए चंद्रेश खंडेलवाल, आदि ने रक्तदान किया। हेल्थ चेकउप में सीए सोनिया अग्रवाल, सीए नंदकिशोर अग्रवाल, सीए सिद्धार्थ भार्गव आदि ने लाभ उठाया।

# नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लिए आवेदकों को नहीं हो परेशानी एसडीएम

## कलेक्टर के आदेश पर तहसील कार्यालय में एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण




**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर। छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में राजस्व प्रकरणों का समय से निराकरण और आदेश का अमल त्वरित कराने के निर्देश दिए। गुरुवार को नगर एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने तहसील कार्यालय लवकुश नगर का औचक निरीक्षण किया। साथ ही राजस्व प्रकरणों की जांच की। एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने रेवेन्यू केस के समय से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आवेदकों को राजस्व कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए की नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और नक्शा सुधार कार्य के निराकरण समय से किया जाए। कलेक्टर ने आदेशों के तत्काल अमल कराने के निर्देश दिए। एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने पुराने लंबित प्रकरणों के जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आवेदकों को कोई रिकॉर्ड चाहिए हो तो बार-बार तहसील आने की आवश्यकता ना पड़े लैंड रिकॉर्ड्स का भी डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम देवेंद्र चौधरी, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सुप्रिया बागरी, स्टैनो यादवेंद्र सिंह धाकड़, मौजूद रहे ।

# इंदौर में पहला सेलिब्रिटी शेफ रेस्तरां

## इंदौर में करिगरी का दसवां आउटलेट आ गया है

परिहार गर्जना न्यूज। विजय नगर, इंदौर, 27 जून 2024 ङ्क करिगरी, जो भारत में उत्तर भारतीय भोजन का अग्रणी ब्रांड है, गर्व से विजय नगर, इंदौर में अपने दसवें आउटलेट के भव्य उद्घाटन की घोषणा करता है। लॉन्च इवेंट 27 जून 2024 को शाम 7 बजे से हुआ और इसमें इंदौर की 250 से अधिक प्रभावशाली हस्तियों ने भाग लिया, जिससे यह एक यादगार शाम बन गई।




भव्य उद्घाटन के मौके पर करिगरी के पीछे के रचनात्मक ताकतवर और प्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ, शेफ हरपाल सिंह सोखी की उपस्थिति भी थी। अपने स्वादिष्ट भोजन और प्रत्येक व्यंजन के पीछे की अनूठी कहानियों के लिए जाने जाने वाले करिगरी ने पाक कला की दुनिया में एक प्रिय नाम बना लिया है। इस शाम को और भी भव्य बनाने के लिए, फ्यूटोमिक ग्रुप के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी श्री योगेश शर्मा और श्री मनीष शर्मा भी इस उपलब्धि को बड़ी उत्सुकता और गर्व के साथ मनाने के लिए शामिल हुए। इस शाम की एक प्रमुख विशेषता %शेफ परेड% थी जिसमें सभी प्रतिभाशाली शेफ जिन्हें %करिगर% कहा जाता है, ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और अपनी कला का जश्न मनाया। यह परेड उन शेफ के लिए एक दिल से निकला आदर था जिन्होंने अपनी पाक विरासत और कला को अपनाया और अपनी निष्ठा और जुनून के लिए खुद की सराहना की।

हम विजय नगर, इंदौर में अपने 10वें आउटलेट को खोलकर रोमांचित हैं। इंदौर को समृद्ध स्वाद और अनूठी कहानियों का अनुभव देना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारे करिगर टीम इस रेस्टोरेंट की आत्मा हैं और हम उनके अविश्वसनीय प्रतिभा और समर्पण का जश्न मनाने का इरादा रखते हैं। **- श्री हरपाल सिंह सोखी**

इंदौर में नया करिगरी आउटलेट वही असाधारण डाइनिंग अनुभव प्रदान करने का वादा करता है जिसके लिए ब्रांड जाना जाता है, जिसमें उत्तर भारत की विविध और समृद्ध पाक परंपराओं को प्रतिबिंबित करने वाला मेनू होगा। मेहमान स्वादिष्ट व्यंजनों की एक श्रृंखला की उम्मीद कर सकते हैं जो न केवल स्वाद को संतुष्ट करती है बल्कि विरासत और परंपरा की कहानी भी बताती है।

करिगरी उत्तरी भारतीय व्यंजनों के लिए मानक स्थापित करता है और इस दसवें आउटलेट के उद्घाटन के साथ यह देश भर के खाद्य प्रेमियों को प्रामाणिक और आनंददायक डाइनिंग अनुभव लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। **- श्री योगेश शर्मा और श्री मनीष शर्मा ( फ्यूटोमिक ग्रुप के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी )**

हम अपने दरवाजे खोलने और इंदौर में एक अनूठा डाइनिंग अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। हमारा मेनू स्थानीय स्वादों को नवाचारी पाक तकनीकों के साथ मिलाकर प्रत्येक अतिथि के लिए यादगार क्षणों का वादा करता है। **- श्री श्रेयांश जैन ( फ्यूटोमिक ग्रुप के मार्केटिंग निदेशक )**

# बारिश से मिली गर्मी से राहत

## रुक-रुक कर हो रही है बारिश, भीतरी इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान



छतरपुर। गुरूवार को सुबह से निकली तेज धूप ने लोगों की हालत खराब कर दी लेकिन दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ और करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश इतनी तेज थी कि छत्रसाल चौराहे के आसपास मौजूद दुकानों में पानी भर गया और बारिश रुकने के बाद दुकानदार पानी को बाहर निकालते नजर आए। वहीं शहर के भीतरी इलाकों की बात करें तो यहां नगर पालिका की लापरवाही के चलते यहां के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

***कई-कई दिनों तक नहीं होती सफाई***

दरअसल शहर के कई ऐसे इलाके हैं जहां नगर पालिका द्वारा नियमित साफ-सफाई नहीं कराई जा रही है और नालियां चोक पड़ी हुई हैं। इसी के चलते गुरूवार को हुई बारिश के बाद नालियों का गंदा पानी उफन कर मोहल्लों की गलियों में बहता दिखा। इस गंदे पानी से निकल रही बदबू ने लोगों को काफी परेशान किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि नगर पालिका की कचरा गाड़ी कई-कई दिनों तक कचरा उठाने के लिए नहीं आती जिस कारण से मोहल्ले में गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लग जाते हैं। इसी बीच अगर बारिश हो जाए तो यही कचरा पानी के साथ बहकर पूरे मोहल्ले में फैल जाता है। इसके साथ ही नालियों की भी सफाई नहीं की जा रही है, जिस कारण से पानी नहीं निकल पा रहा है गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

***किसानों के चेहरे खिले, शुरु होगी बोवनी***

लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे पर बारिश के बाद खिल उठे। दरअसल किसान काफी दिनों से इसी तरह की बारिश का इंतजार कर रहे थे। गुरूवार को लगभग आधा घंटे तक हुई जोरदार बारिश के बाद किसान अब बोवनी के लिए तैयार हैं। किसानों का कहना है कि वे कल से ही बोवनी का कार्य शुरु करेंगे।

# खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश का मैदानी स्तर पर दिख रहा असर

## नाप-तौल उपकरणों की जाँच के लिये विशेष अभियान जारी

परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश का मैदानी स्तर पर दिखाई दे रहा है। मंत्री श्री राजपूत निर्देश पर प्रदेश के किसानों को सही मात्रा एवं दाम में खाद एवं बीज प्राप्त हो, इस हेतु नाप-तौल विभाग द्वारा 15 अप्रैल से विशेष जाँच अभियान चलाया जा रहा है। यह जांच अभियान 30 जून तक जारी रहेगा।

विशेष जांच अभियान के अंतर्गत विभिन्न जिलों में खाद एवं बीज के विक्रेताओं के यहाँ आकस्मिक निरीक्षण कर जांच की जा रही है कि व्यापारी द्वारा उपयोग में लाए जा रहे नाप-तौल उपकरण नियमानुसार सत्यापित एवं सही हैं कि नहीं। खाद एवं बीज के पैकेजों पर नियमानुमार आवश्यक घोषणाएं अंकित है कि नहीं तथा पैकेजों पर अंकित मात्रा के अनुसार खाद एवं बीज है। कोई व्यापारी खाद बीज पैकेजों पर अंकित एमआरपी से अधिक कीमत पर विक्रय तो नही कर रहा है। जाँच में अनियमितता पाई जाने पर संबंधित व्यापारी के विरुद्ध नाप-तौल अधिनियम एवं नियमों के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किये जा रहे हैं।

***अभी तक 57 प्रकरण पंजीबद्ध***

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश पर विशेष जांच अभियान में कुल 324 निरीक्षण किये जाकर अनियमितता पाए जाने पर अभी तक 57 प्रकरण पंजीबद्ध किये जा चुके हैं। इसमें से 19 प्रकरण नाप-तौल उपकरण सत्यापित नहीं पाए जाने के कारण, 29 प्रकरण खाद एवं बीज के पैकेजों पर नियमानुसार घोषणा अंकित नहीं होने तथा 9 प्रकरण नाप-तौल उपकरण के सत्यापन प्रमाण-पत्र उपलब्ध न होने के कारण पंजीबद्ध किये गए हैं।



मंत्री श्री राजपूत के निर्देश पर विभागीय अमले ने खाद एवं बीज व्यापारियों को सूचित किया गया है कि वे नियमानुसार सत्यापित नाप-तौल उपकरणों का ही उपयोग करें। खाद एवं बीज के पैकेजों पर नियमानुमार आवश्यक घोषणाएं अंकित होने पर ही विक्रय हेतु रखें। पैकेजों पर अंकित एमआरपी से अधिक कीमत पर विक्रय न करें एवं यह सुनिश्चित करें कि किसानों को खाद एवं बीज सही मात्रा में ही मिले। किसी भी व्यापारी के यहां अनियमितता पाई जाने पर नाप-तौल अधिनियम एवं नियमों के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

***व्हाटसएप नम्बर 9111322204 पर करें शिकायत***

मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि खाद्य एवं बीज विक्रेता के यहां नाप-तौल एवं अधिक कीमत लेने संबंधी किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाने पर वे विभाग के व्हाटसएप नम्बर-9111322204 पर पूर्ण विवरण के साथ शिकायत कर सकते हैं ताकि संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# मंडी समिति की बैठक संपन्न 40 पैसे की पूर्वभान्ति रहेगी तुलावटी की मजदूरी दर



***हरपालपुर। कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय में बुधवार को तुलावटी दर समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष हेमलता पाठक, शशिकांत शुक्ला जिला पंचायत कृषि समिति अध्यक्ष, तहसीलदार भारसाधक संदीप तिवारी, मंडी गोलेलाल आदिवासी और मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि तुलावटी दर पूर्वभान्ति 40 पैसे प्रति सैकड़ा हैं उसी दर व्यापारियों द्वारा भुगतान किया जाएगा।***

बैठक में विधायक कामाख्या सिंह कहा कि व्यापारियों एवं तुलावटीयों के संघ के अध्यक्ष को अगली बैठक में बुलाया जाए। जिस ये तुलावटी मजदूरी दर को आपसी सहमति बनाई जा सके। न्यायालय का जो आदेश उस लिए विधिक अभिमत के लिए निर्णय हुआ हैं। अगली बैठक जल्द होगी।

गौतलब है मंडी में कुछ व्यापारीओं द्वारा तुलावटियों को उन मजदूरी का दर भुगतान नहीं किया जाता हैं साथ दरों को लेकर आये दिन व्यापारियों एवं तुलावटीयों को लेकर विवाद की स्थिति बनती हैं बीते वर्ष इसी विवाद के चलते कई दिनों तक मंडी में बंद रही कभी तुलावटी मंडी में काम का बहिष्कार किया तो कभी व्यापारियों द्वारा हड़ताल पर चले जाने से कृषि उपज मंडी का काम प्रभावित हुआ। जिस से किसानों को अपनी उपज बेचने अन्य मंडियों में जाना पड़ा।।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत, एक घायल

**-जंगल में गुली तोड़ते समय बक्सवाहा की महिला पर गिरी गाज**

**-डायल 100 की तत्परता से घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया गया**

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा। थाना अंतर्गत ग्राम मुड़िया में दो महिलाएं गुली तोड़ने जंगल गई थीं, जहां मौसम खराब होने के कारण अचानक आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई और दूसरी महिला घायल हो गई।



***घटना का विवरण***

ग्राम मुड़िया की निवासी बती सौर (45 वर्ष), पत्नी परसूती सौर, और एक अन्य महिला गुली तोड़ने के लिए सुबह जंगल गई थीं। मौसम खराब होने के कारण अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे बती सौर की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

***बचाव कार्य और उपचार***

घटना की सूचना मिलते ही डायल 100 की टीम, जिसमें एसआई खुमान सिंह और पायलट शैलेंद्र सिंह शामिल थे, मौके पर पहुंची और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सवाहा ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर बती सौर को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि घायल महिला का इलाज जारी है।

***स्थानीय प्रतिक्रिया***

ग्राम मुड़िया में इस घटना से शोक की लहर दौड़ गई है।

***प्रशासन की प्रतिक्रिया***

प्रशासन ने बिजली गिरने के मामलों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही, अधिकारियों ने जंगल में काम करने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

इस दुखद घटना ने ग्राम मुड़िया और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को झकझोर कर रख दिया है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी घायल महिला के इलाज में जुटे हुए हैं और प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

# तत्कालीन ढड़ारी सचिव निर्लंबित

## शासकीय राशि का दुरुपयोग करने पर हुई कार्यवाही

छतरपुर, 26 जून। जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार द्वारा ग्राम पंचायत तत्कालीन ढड़ारी सचिव एवं वर्तमान सचिव गुरैया शहनाज बानो को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। ग्राम पंचायत ढड़ारी में सचिवीय कार्यकाल में आंगनवाड़ी भवन कतरवारा एवं रमनपुरा, सामुदायिक भवन हरिजन मोहल्ला कतरवारा एवं सामुदायिक भवन पटेल समाज कतरवारा के निर्माण कार्यों में मनमरजी एवं अपनी हटधर्मता तथा शासकीय धन का दुरूपयोग करने की नियत से मूल्यांकन से अधिक राशि 10 लाख 72 हजार 519 रुपए का आहरण किया गया। इनके द्वारा पर्याप्त समय दिये जाने के बाद भी न तो राशि जमा की गई न ही कार्य कराया गया। इस संबंध में म.प्र. पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के अंतर्गत कार्यवाही प्रचलन में है। शहनाज बानो सचिव ग्राम पंचायत गुरैया जनपद पंचायत छतरपुर का उक्त कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998, के तहत कदाचरण की श्रेणी में है। इन्हें पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के तहत निलंबित किया गया है। इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत छतरपुर नियत किया जाता है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# महाराजपुर विधायक ने नगर...

प्रथम पृष्ठ का शेष-

में आयोजित आज विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह टीका राजा के साथ कार्यक्रमों की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सीएमओ प्रताप सिंह खेंगर, उपयंत्री दिनेश तोमर, गगन सूर्यवंशी, समस्त पार्षदगण सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

***बैठकर जलावर्धन योजना के काम की समीक्षा***

नगर में कछुआ चाल से चल रहे जलावार्धन योजना के काम के समीक्षा के लिए महाराजपुर विधायक ने नगर परिषद के मीटिंग हाल मे एमपीयूडीसी, कार्यदायी संस्था एवं नपा के अधिकारियों नगर में 22 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री जलावार्धन योजना के काम समीक्षा बैठ ली। बैठक में विधायक कामाख्या ने नगर में पाईप लाइन डालने खोदी गई सड़को की मरम्मत नहीं होने से नाराज़गी जाहिर की, उन्होंने योजना के सुचारू नहीं होने पर फटकार लगाई। विधायक ने एमपीयूडीसी के अधिकारी पी डी तिवारी से कहा नगर में जलावार्धन योजना का समयावधि में पूरा होना चाहिए साथ ये जहाँ वार्डो में पाइप लाइन बिछाने सीसी सड़के खोदी जाए तो उनको एक माह में पेयजल लाइन डाल कर टेस्टिंग कर सड़क को मरम्मत करनी होगी । जिस रहवासियों को परेशानी नहीं उठानी पड़े, अभी कई वार्डो में एक साल से अधिक समय सीसी सड़के खुदी पड़ी उन मरम्मत नहीं कराई गई। बीच बीच काम बंद न हो कंट्रक्शन कंपनी को निर्देशिक करें । जलावार्धन योजना के काम की हर माह हम को प्रोगिस रिपोर्ट चाहिए। इस काम मे लापरवाही बर्बाद नहीं की लाएगी क्यों ये नगर की जनता को पेयजलापूर्ति का मामला हैं । वही उन्होंने कहा कि आप लोग नगर परिषद के सीएमओ उपयंत्री के सहयोग लेकर नगर वार्डो में पाइप लाइन बिछाने आ रही समस्या को हल करवाये, नल कनेक्शन के लिए वार्ड पार्षद से सहयोग ले। जिस सड़को को बार बार न खोदा जाए। वही एमपीयूडिसी के अधिकारी पीडी तिवारी ने बताया कि नगर वार्ड बाई लाइन बिछाने का काम चल रहा हैं जहाँ सड़के खोदी उन जल्द पाइप डाल कर मरम्मत करवा देते है नगरवासियों को फरवरी 2025 तक जलावर्धसन योजना से पानी मिलने लगेगा।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321